बीडीए की बोर्ड बैठक में किया 18 नए प्रस्तावों का अनुमोदन

बीकानेर,(कासं)। बीकानेर विकास प्राधिकरण की बोर्ड बैठक मंगलवार को जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में कुल 18 नए प्रस्तावों को अनुमोदित किया गया। जिनमें आवासीय समेत तीन नई योजनाओं, जयनारायण व्यास कॉलोनी व सादुलगंज को निगम को सौंपने, जोड़बीड़ योजना में विभिन्न विकास कार्यों, विभिन्न भवनों के किराये में बढ़ोतरी, विभिन्न योजनाओं में आरक्षित दरों को संशोधित किये जाने, निगम व प्राधिकरण के क्षेत्राधिकार के विभाजन एवं अनुकम्पा नियुक्ति के साथ-साथ विभिन्न प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया।

बीकानेर कलेक्टर नम्रता वृष्णि की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बीडीए की बोर्ड बैठक में कुल 18 नए प्रस्तावों का अनुमोदन किया।

बैठक में शहर के विकास के सतत् प्रयास के रूप में बीडीए की ओर से आमजन हेतु प्रस्तावित तीन नवीन योजनाओं का अनुमोदन किया गया। बी.एस.एम. मिश्रित योजना (जोन-ए) बीडीए आयुक्त अपर्णा गुप्ता ने बताया कि बीडीए अपने प्राधिकरण क्षेत्र में श्रीगंगानगर- जयपुर बाईपास सड़क के उत्तरी दिशा में चक 1 बी.एस.एम. में स्थित करीब 35 हेक्टेयर भूमि पर बी.एस.एम मिश्रित (आवासीय एवं पर्यटन इकाई) योजना लेकर आ रहा है जिसका बैठक में अनुमोदन किया गया। इसमें कुल 450 प्लाट में से 165 कॉमर्शियल और 282 आवासीय होंगे। भोजनशाला वेयरहाउस योजना (जोन-बी)- बैठक में प्राधिकरण की पत्थर मंडी से लगते हुए बाईपास रोड़ व घड़सीसर रोड के मध्य प्राधिकरण की 953 हेक्टेयर भूमि पर वेयरहाउस योजना का अनुमोदन किया गया। नाल इंटीग्रेटेड टाउनशिप योजना (जोन-डी)- बैठक में नाल बड़ी में नाल हवाई अड्डे के समीप जैसलमेर-गंगानगर बाईपास रोड पर प्राधिकरण के स्वामित्व की करीब 10 हेक्टेयर भूमि पर इंटीग्रेटेड टाउनशिप योजना का अनुमोदन भी किया गया।

बैठक में जयनारायण व्यास कॉलोनी और सादुलगंज योजना को आगामी 31 मार्च तक दोनों कॉलोनियों के रिकॉर्ड का डिजिटलाइजेशन कर नगर निगम को सौंपने के प्रस्ताव का भी अनुमोदन किया गया। जोड़बीड़ योजना में 10 करोड़ की लागत से बनी सड़कों और चारदीवारी के कार्य व वर्तमान में 8.70 करोड़ की लागत से बन रही सड़क कार्य का अनुमोदन किया गया। साथ ही जोड़बीड़ में पीएचईडी, विद्युत व सीवर के करवाए जा रहे कार्यों का अनुमोदन किया गया।

- **बीडीए इस साल करेगा तीन नई आवासीय योजनाओं की लॉंचिंग**

बैठक में टाउन हॉल, रविन्द्र रंगमंच इत्यादि की किराये की दरें 10 साल बाद बढ़ाई गई। साथ ही धरोहर राशि का प्रावधान भी किया गया। टाउन हॉल की किराए की दर 4997 से बढ़ाकर 10 हजार, रविन्द्र रंगमंच का किराया 20 हजार से बढ़ाकर 50 हजार, अम्बेडकर सामुदायिक भवन का किराया 29237 से बढ़ाकर 45 हजार किया गया। साथ ही रविन्द्र रंगमंच और टाउन हॉल की ऑनलाइन बुकिंग भी शुरू करने का अनुमोदन किया गया। बैठक में निगम की वार्ड सीमाओं के भीतर समस्त राजाशाही पट्टे व उससे लगती हुई खांचा भूमि (निगम/न्यास/प्राधिकरण द्वारा जारी), न्यास या बीडीए द्वारा निगम को हस्तांतरित न्यास या निजी योजनाएं व निगम के स्वामित्व की भूमि से संबंधित समस्त प्रकरण निगम के क्षेत्राधिकार में होने का अनुमोदन किया गया।

स्लीपर बस-ट्रेलर की टक्कर में चार लोग घायल

देशनोक, (कासं)। देशनोक क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक सड़क हादसा हो गया। उदयपुर से बीकानेर जा रही एक स्लीपर बस मुख्य सड़क पर खड़े एक ट्रेलर से टकरा गई। इस दुर्घटना में बस चालक सहित चार यात्री घायल हो गए।

हादसा घने कोहरे और कम विजिबिलिटी के कारण हुआ। सुबह के समय सड़क पर घना कोहरा छाया हुआ था, जिससे बस चालक को आगे खड़ा ट्रेलर समय रहते दिखाई नहीं दिया। बस पीछे से ट्रेलर में जा घुसी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद बस में सवार यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई।

मौके पर मौजूद राहगीरों और स्थानीय लोगों ने तुरंत घायलों को बस से बाहर निकाला। उन्हें प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात व्यवस्था को सुचारू कराया। हादसे के कारण कुछ समय के लिए सड़क पर जाम की स्थिति भी बनी रही। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में घने कोहरे, कम विजिबिलिटी और सड़क पर खड़े ट्रेलर के कारण हादसा हुआ। कोहरे के कारण दृश्यता कम होने से वाहन दिखाई नहीं देते हैं जिससे हादसे हो रहे हैं।

सार-समाचार

नितिन नबीन के पद ग्रहण पर खुशी

भाजपा के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन द्वारा पदभार ग्रहण किए जाने पर आतिशबाजी कर खुशी मनाई।

बीकानेर, (कासं)। भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन द्वारा पदभार ग्रहण किए जाने पर बीकानेर में भाजपा संगठन ने उत्साह और उमंग के साथ खुशी मनाई। प्रदेश उपाध्यक्ष बिहारी लाल बिश्नोई के नेतृत्व में भाजपा संभाग कार्यालय बीकानेर में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने मिठाईयां बांटी एवं पटाखे फोड़कर इस ऐतिहासिक क्षण का स्वागत किया। कार्यालय परिसर भाजपा जिंदाबाद और मोदी है तो मुमकिन है के नारों से गूंज उठा। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष बिहारी लाल बिश्नोई ने अपने संबोधन में कहा कि नितिन नबीन का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना भाजपा के सशक्त युवा नेतृत्व पर पार्टी के अटूट विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि छात्र राजनीति से लेकर संगठन के शीर्ष दायित्व तक नितिन नबीन की यात्रा समर्पण, संघर्ष और संगठनात्मक क्षमता की मिसाल है। शहर जिला अध्यक्ष सुमन छाजेड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को राजनीति का मूल मंत्र बनाया है। नितिन नबीन के नेतृत्व में संगठन और अधिक सशक्त होगा तथा शहर से बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं में नया उत्साह देखने को मिलेगा। कार्यक्रम में देहात जिला अध्यक्ष श्याम पंचारिया, पूर्व जिला अध्यक्ष सत्यप्रकाश आचार्य, नारायण चौपड़ा, जिला महामंत्री राजेंद्र पंवार, कौशल शर्मा, जिला उपाध्यक्ष मोतीलाल हर्ष, सरिता नाहटा, जिला मंत्री तरूण स्वामी, चंद्रप्रकाश गहलोत, चंद्रशेखर शर्मा, रामकुमार व्यास, धर्मपाल डूडी, कपिल शर्मा, देवरूप सिंह, नरेन्द्र सिंह आबड़सर, मुकेश सैनी, मुकेश पंवार, अनूप गहलोत, सुभाष वाल्मीकि, भंवर जांगिड़, गजेन्द्र सिंह, अंकित तंवर, निशांत गौड़, जेठमल नाहटा, जेना महाराज, मुल्तान बैद, भवानी पाइवाल, दीपक यादव, विनायक पारीक, आरती आचार्य, राधा खत्री, चांद शेखावत, अनु सुथार, जसवंत सिंह सोलंकी, हरिकांत शर्मा सहित पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

युवा संबल मेले ने 1179 युवाओं को दिए निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर

बीकानेर,(कासं)। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के निर्देश पर पहला संभाग स्तरीय युवा संबल मेला मंगलवार को राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में आयोजित किया गया। मेले में 42 नियोक्ताओं ने रोजगार के सात हजार अवसर उपलब्ध करवाए।

मेले के लिए कुल 5226 युवाओं का पंजीकरण हुआ तथा 1179 युवाओं का विभिन्न ट्रेड्स के तहत प्राथमिक चयन किया गया। शिविर में निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठित नियोजकों के अतिरिक्त 11 विभिन्न सरकारी विभागों, प्रशिक्षण संस्थाओं द्वारा 352 बेरोजगार प्रार्थियों को व्यावसायिक मार्गदर्शन एवं कौशल प्रशिक्षण, स्वरोजगार हेतु मार्गदर्शन एवं ऋण सुविधाओं की जानकारी के साथ-साथ विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

विधायक जेठानंद व्यास ने युवा संबल मेले का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया।

मेले का उद्घाटन बीकानेर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र विधायक जेठानंद व्यास, विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड के अध्यक्ष रामगोपाल सुथार, जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि तथा सुमन छाजेड़ ने किया। सभी ने मेल में लगाये गए स्टॉल्स का अवलोकन किया तथा इनके द्वारा उपलब्ध वैकेंसी की जानकारी ली। सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय द्वारा सरकार की उपलब्धियों पर आधारित साहित्य का वितरण किया गया। स्टॉल्स अवलोकन के दौरान जिला कलेक्टर ने नियोक्ताओं और युवाओं से वैकेंसी के संबंध में फीडबैक लिया। उन्होंने पूर्व के मेलों में नियुक्त युवाओं के प्लेसमेंट की स्थिति जानी। उप क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय के उप निदेशक हरगोबिंद मित्तल ने मेले से जुड़ी व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी। कनिष्ठ रोजगार अधिकारी एवं शिविर प्रभारी चौधरी दिनेश कुमार ने बताया कि शिविर में नियोजन, प्रशिक्षण एवं स्वरोजगार हेतु कुल 1531 प्रार्थी लाभान्वित हुए।

ईंट भट्टा मजदूर ने किया सुसाइड

बीकानेर, (कासं)। जिले के खाजूवाला थाना क्षेत्र में एक 17-18 साल के युवक ने खुद को फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। अब तक कारण सामने नहीं आया है। हालांकि पुलिस इस मामले की छानबीन कर रही है। घटना सोमवार की है।

पुलिस के अनुसार उत्तरप्रदेश से कुछ मजदूर परिवार खाजूवाला के ईंट भट्टों पर काम करते हैं। इन्हीं में एक युवक कर्ण ने फंदा लगाकर सुसाइड किया है। ये युवक महज 17-18 साल का है। उसके चाचा ने पुलिस को रिपोर्ट दी है कि उसके भाई अवनीश के बेटे कर्ण ने सुसाइड किया। वो खाजूवाला के चक 14 बीडी में रहता था। सुसाइड करने का कारण अब तक पता नहीं चल पाया है। किसी तरह का सुसाइड नोट भी नहीं मिला है।

घटना की जानकारी मिलने पर खाजूवाला पुलिस मौके पर पहुंची और शव को मोर्चरी पहुंचाया। जहां पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। उत्तरप्रदेश के फरूखाबाद में रहने वाले कर्ण के सुसाइड मामले की जांच हैड कांस्टेबल मोनू सिंह को सौंपी गई है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है।

कोहरे से बस-पिकअप में टक्कर, चालक फंसा

बीकानेर, (कासं)। जिले के बज्जू क्षेत्र में श्रीकोलायत थाना इलाके के बीठनोक-गडियाला मार्ग पर मंगलवार सुबह घने कोहरे के कारण एक बस और पिकअप वाहन की टक्कर हो गई।

हादसा सुबह करीब 8 बजे हुआ, जब बीकानेर जा रही बस और बीठनोक की ओर से आ रही पिकअप आमने-सामने भिड़ गई। टक्कर में पिकअप बस के नीचे फंस गई और चालक करीब एक घंटे तक अंदर ही फंसा रहा। बाद में जेसीबी की मदद से उसे बाहर निकालकर हॉस्पिटल पहुंचाया गया। प्रत्यक्षदर्शी ग्रामीणों के अनुसार मेड़ी का मगरा से बीकानेर की ओर जा रही करणी बस मोटासर गांव के पास पहुंची थी। इसी दौरान बीठनोक की तरफ से आ रही कीटनाशक से भरी पिकअप से उसकी टक्कर हो गई। घना कोहरा होने के कारण दोनों वाहन चालक एक-दूसरे को समय पर नहीं देख सके।

टक्कर इतनी तेज थी कि पिकअप का अगला हिस्सा पूरी तरह बस के नीचे चला गया। पिकअप चालक वाहन के अंदर बुरी तरह फंस गया और बाहर निकलने की स्थिति में नहीं था।

- **बस के नीचे फंसी पिकअप चालक को जेसीबी की मदद से 1 घंटे बाद निकालकर अस्पताल पहुंचाया**

आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और अन्य लोगों को सूचना दी। सूचना के बाद मौके पर जेसीबी मशीन मंगवाई गई। जेसीबी की मदद से बस को उठाकर पीछे किया गया, तब जाकर पिकअप में फंसे चालक को बाहर निकाला जा सका। घायल पिकअप चालक की पहचान नोखा के गजरूपदेसर निवासी महेश कस्वां के रूप में हुई है। उसे गोविंदसर सरपंच प्रतिनिधि सताराम कुमावत ने श्रीकोलायत उप जिला हॉस्पिटल पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे पीबीएम हॉस्पिटल बीकानेर रेफर किया गया। घायल होश में है, उसके एक पैर और छाती में अंदरूनी चोट बताई गई है। हादसे के बाद इलाके में यातायात प्रभावित रहा।

मेघवाल आज आयेंगे

बीकानेर, (कासं)। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल बुधवार प्रातः 7:20 बजे बीकानेर रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे। मेघवाल दोपहर 1 बजे लालगढ़ पैलेस में जी राजस्थान की ओर आयोजित कार्यक्रम 'एक कदम विकास की ओर' में शिरकत करेंगे। मेघवाल विभिन्न स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद रात्रि 10:20 बजे रेल मार्ग से दिल्ली प्रस्थान करेंगे।

E-Auction For Salvage Disposal of Salvage of Plant and Machinery and Commodity

E- Auction forms are invited for participating in E-Auction for Disposal of Salvage of Plant and Machinery, Wheat, Chana, Moth and Dana Methi On **"As Is Where Is"** basis, belonging to **M/s Nokha Agrotech Private Limited**

Inspection can be done till: 29/01/2026
Till 12 pm (Prior Appointment)
Contact: Mukul Gupta : +91-9999707373
Date of E auction is 29/01/2026 from 4 Pm onwards

E-Auction Forms with Earnest Money Deposit (EMD) to be submitted latest by **29/01/2026** up to by **2 PM** at the auctioneer's address OR at seller's address.

E-Auction Portal is **www.rlasalvage.auction**, visit and register yourself.

Forms can be obtained from the details given below:
For Inquiries please contact:-
Mr. Mukul Gupta: +91-9999707373
R L Agarwal Salvage Solution LLP, Plot No. 18, Block C2, Sushant Lok Phase-1, Gurgaon-122002.

बीकानेर में लगातार दूसरे दिन भी कोहरा

बीकानेर, (कासं)। बीकानेर में एक बार फिर कड़ाके की सर्दी ने दस्तक दी है। दोपहर का पारा भले ही बीस डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है लेकिन सुबह सवेरे कोहरा कड़ाके की सर्दी का अहसास करा रहा है।

मंगलवार सुबह साढ़े सात बजे आसमान लगभग साफ था लेकिन एक घंटे में ही इतना घना कोहरा जमीन पर उतरा कि विजिबिलिटी पांच-सात मीटर तक सिमट गई। हालांकि कोहरे के बाद भी ठिठुरन वाली सर्दी अब नहीं है, क्योंकि हवा की गति कम है। बीकानेर शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में सर्दी का असर अभी बना हुआ है।

सोमवार को भी घना कोहरा था जो दस बजे तक रहा। वहीं मंगलवार को भी ऐसी ही स्थिति रही। सोमवार को शहरी क्षेत्र में घना कोहरा नहीं था लेकिन गांवों में विजिबिलिटी शून्य के आसपास रही। मंगलवार को शहरी क्षेत्र में भी ऐसे ही हालात रहे। हालांकि तापमान में बहुत ज्यादा गिरावट नहीं आई है। सोमवार को बीकानेर में न्यूनतम तापमान नौ डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा। वहीं अधिकतम तापमान भी बीस डिग्री सेल्सियस से ज्यादा था। मंगलवार को इसमें और गिरावट आ सकती है दरअसल हवा की गति कम होने के कारण सर्दी का असर कम रहा। बीकानेर तहसील के रूणियां बड़ा बास में लगातार तीसरे दिन घना कोहरा रहा।

- **सुबह आठ बजे बाद जमीन पर उतरा कोहरा, विजिबिलिटी भी कम रही**

कारतूस और रिवॉल्वर के साथ पकड़ा

श्रीगंगानगर, (कासं)। जिले की सादुलशहर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नाकाबंदी के दौरान बाइक सवार युवक से एक रिवॉल्वर, 563 जिंदा व 4 खाली कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस ने बाइक जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

सादुलशहर थानाधिकारी मलकीयत सिंह ने बताया कि यह कार्रवाई अलीपुरा-नूरपुरा लिंक चैनल नहर की पुलिया पर नाकाबंदी के दौरान की गई। नहर के किनारे एक आरोपी बाइक पर कट्टा लेकर आ रहा था। आरोपी पुलिस को देखते ही घबराकर भागने लगा लेकिन टीम ने उसे पकड़ लिया। उसकी तलाशी लेने पर भारी मात्रा में कारतूस बरामद हुए। पकड़े गए आरोपी की पहचान श्यामसुंदर निवासी किकरवाली, चक 60 आरबी, रायसिंहनगर के रूप में हुई है।

गोविन्दराम मेघवाल ने कांग्रेस नेताओं को दी नसीहत

बीकानेर, (कासं)। कांग्रेस सरकार में मंत्री रह चुके गोविन्दराम मेघवाल ने कहा है कि कांग्रेस हमारी कमजोर हो चुकी है, पार्टी के नेताओं को मैदान में उतरना पड़ेगा।

उन्होंने बीकानेर के कांग्रेस नेताओं पर तंज कसते हुए कहा कि यहां से मनफूल सिंह भादू जीत गए। बलराम जाखड़ जीत गए लेकिन इसके बाद अर्जुनराम मेघवाल चार बार जीत गये। निश्चित रूप से हमारा वोट कहीं जा रहा है, या फिर हमारे नेताओं की कमजोरी है। कांग्रेस नेता रामेश्वर डूडी के निधन के बाद बीकानेर में आरएलपी की सक्रियता से जुड़े सवाल पर मेघवाल ने कहा कि जनता के बीच जाना पड़ेगा। हमारे नेताओं को काम करने की जरूरत है। आज छह विधानसभाओं में भाजपा जीत गई है। चार बार अर्जुनराम मेघवाल जीत गए। अर्जुनराम क्यों जीत रहे है। निश्चित रूप से कांग्रेस का वोट जा रहा है या फिर नेताओं की कमजोरी है।

- **गोविन्द मेघवाल ने कहा कि पार्टी कमजोर हो गई है, अब नेताओं को मैदान में उतरकर काम करने की जरूरत है**

इसलिए हमारे नेताओं को समझना पड़ेगा कि महात्मा गांधी और नेहरू ने पार्टी के लिए जेल यात्रा तक की। हमारी कांग्रेस कमजोर हो चुकी है। इसलिए जिले के नेताओं से अपील करता हूं कि अपने-अपने क्षेत्र में जमकर काम करें। गोविन्दराम ने केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल पर हमला करते हुए कहा कि वो दो बार सीजेआई को बीकानेर लेकर आये लेकिन बीकानेर में हाईकोर्ट बैंच लेकर नहीं आ सके। जब उन्हें वंदेभारत रेल और रेलवे के नवीनीकरण से पत्रकारों ने अवगत कराया तो गोविन्दराम ने उनके योगदान को नकारते हुए कहा कि खाजूवाला को रेल से जोड़ने का वादा किया था लेकिन आज तक पूरा नहीं हुआ। गोविन्द मेघवाल ने कहा कि डॉ. विश्वनाथ मेघवाल और अर्जुनराम मेघवाल के बीच समझौता हो गया है। पहले तो ये दोनों अलग थे लेकिन अब एक साथ हैं। उन्होंने कहा कि विश्वनाथ पहले देवीसिंह भाटी के नजदीक थे लेकिन अब अर्जुनराम के नजदीक हैं।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
क्रमांक : नियमन/2026/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 18-1-2026
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्रों में कृषि से अकृषि प्रयोजनार्थ रूपान्तरित योजना में नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर द्वारा चक 3 एमएल मुरब्बा नं. 17 के किला नं. 19 में माप 30 इन्टू 60 फीट भूखण्ड संख्या एल-55, रिद्धि-सिद्धि एन्कलेव-2 श्रीगंगानगर का पटटा संख्या 354 दिनांक 24.09.2012 को श्री जगीर चन्द पुत्र श्री मोहन लाल के नाम से जारी किया हुआ है। उक्त भूखण्ड में से माप 15 इन्टू 60 फीट श्रीमती बलजीत कौर पत्नी श्री अरमजीत सिंह निवासी जालवाली 3 एमएलके-सी, घड़साना, श्रीगंगानगर द्वारा उक्त भूखण्ड को जरिये पंजीकृत उपहार पत्र दिनांक 02.06.2024 के द्वारा क्रय कर अपने स्वामित्व के दस्तावेज एवं शपथ पत्र प्रस्तुत कर न्यास कार्यालय द्वारा पूर्व में जारी पटटा एवं अन्य दस्तावेजों का समर्पण कर भूखण्ड का फ्री होल्ड पटटा जारी करने हेतु आवेदन किया है। अतः उक्त के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय सबूत छाया दिनांक से 7 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय के कमरा नं. 17 में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद गुजरने के उपरान्त आवेदकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों एवं शपथ पत्र के आधार पर राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन) नियम 2012 के नियम 20, 25 एवं 27 की अनुपालना में कार्यवाही करते हुए फ्री होल्ड पटटा जारी कर दिया जावेगा। इस सम्बन्ध में न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। RajKaj Ref No.: 19733000 -सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2026/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 15.01.2026
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 27 के किला नं. 4,7 में भूखण्ड संख्या का माप 14'-0'' गुणा 50'-0'' फीट के नियमन / पटटा हेतु आवेदक श्रीमती आशु अरोडा पत्नी श्री दीपक नागपाल निवासी अशोक नगर बी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों / रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्रीमती आशु अरोडा पत्नी श्री दीपक नागपाल निवासी अशोक नगर बी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 27 के किला नं. 4,7 में भूखण्ड संख्या का माप 14'-0'' गुणा 50'-0'' फीट का नियमन / पटटा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन / पटटा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पटटा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। RajKaj Ref. No. 19875104 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
क्रमांक :- नियमन/2026/ राजकाज रे. नं. 5106 दिनांक :- 20.01.26
सार्वजनिक आपत्ति सूचना
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 5/6 के किला नं. 15 में भूखण्ड संख्या का माप 15'-0" गुणा 50'-0" फीट के नियमन/पट्टा हेतु आवेदक श्रीमती नीलम वालिया पत्नी श्री नरेन्द्र कुमार वालिया निवासी अर्जुन कॉलोनी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्रीमती नीलम वालिया पत्नी श्री नरेन्द्र कुमार वालिया निवासी अर्जुन कॉलोनी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 5/6 के किला नं. 15 में भूखण्ड संख्या का माप 15'-0" गुणा 50'-0" फीट का नियमन/पट्टा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/पट्टा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पट्टा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।
- सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2025/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 22.12.2025
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्रों में कृषि से अकृषि प्रयोजनार्थ रूपान्तरित योजना में नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर चक 7 ई छोटी मुरब्बा नं. 27 के किला नं. 18 में माप 30 इन्टू 60 फीट भूखण्ड संख्या आई-01, रिद्धि-सिद्धि एन्कलेव, श्रीगंगानगर का पटटा संख्या 4908 दिनांक 25.08.2007 को श्री विजय कुमार पुत्र श्री राजपाल जग्गा के नाम से जारी किया हुआ है। जो कि नामान्तरण उपरान्त सारंग अग्रवाल पुत्र श्री नन्द लाल के नाम से रिकार्ड में दर्ज है। उक्त भूखण्ड को श्री गणेशगढ़िया कन्स्ट्रक्शन प्राईवेट लिमिटेड पंजीकृत पता 3-ए-5, जवाहरनगर, श्रीगंगानगर जरिये डायरेक्टर अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता सारंग अग्रवाल पुत्र श्री नंद लाल अग्रवाल निवासी म.न. 1 जी-12, जवाहरनगर, श्रीगंगानगर द्वारा पंजीकृत 19.02.2024 की प्रति, अपने स्वामित्व के दस्तावेज एवं शपथ पत्र प्रस्तुत कर न्यास कार्यालय द्वारा पूर्व में जारी पटटा एवं अन्य दस्तावेजों का समर्पण कर उक्त भूखण्ड का फ्री होल्ड पटटा पटटा जारी करने हेतु आवेदन किया है। अतः उक्त के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय सबूत छाया दिनांक से 7 दिवस के अन्दर अन्दर न्यास कार्यालय के कमरा नं. 17 में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद गुजरने के उपरान्त आवेदकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों एवं शपथ पत्र के आधार पर राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन) नियम 2012 के नियम 20, 25 एवं 27 की अनुपालना में कार्यवाही करते हुए फ्री होल्ड पटटा जारी कर दिया जावेगा। इस सम्बन्ध में न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। RajKaj Ref. No. 19064706 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

स्विटजरलैंड के किसान एग्रो टूरिज्म के जरिए कृषि शोध व अनुसंधान से रूबरू

-एग्रो टूरिज्म के जरिए क्षेत्र के कृषि शोध व अनुसंधान से हुए रूबरू

बीकानेर, (कासं)। स्विटजरलैंड के प्रगतिशील किसानों के 20 सदस्यीय दल ने मंगलवार को स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में संचालित अखिल भारतीय शुष्क क्षेत्रीय फल समन्वित अनुसंधान परियोजना (खजूर फल) का भ्रमण किया।

इन किसानों को खजूर की खेती पर किये गए अनुसंधान, परिणाम, जलवायु परिस्थितियां, उत्पादकता व गुणवत्ता सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। परियोजना प्रभारी डॉ राजेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि पश्चिमी राजस्थान में खजूर अनुसंधान की दिशा में विश्वविद्यालय द्वारा सफल प्रयोग किया गया। पश्चिमी राजस्थान की अतिवादी जलवायुवीय परिस्थितियों और क्षारीय पानी की समस्या के बीच किसानों की आर्थिक मजबूती की दिशा में यह अनुसंधान सफल रहा है। उन्होंने विदेशी प्रगतिशील किसानों को खजूर की किस्मों, परागण तकनीक, कीट प्रबंधन, फलों की सुरक्षा जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी।

स्विटजरलैंड से आये प्रगतिशील किसानों के दल ने एसकेआरएयू के खजूर अनुसंधान केन्द्र का भ्रमण कर खजूर की खेती पर किये गए अनुसंधान की जानकारी ली।

अनुसंधान निदेशक डॉ विजय प्रकाश ने बताया कि स्विटजरलैंड से आये प्रगतिशील किसानों के दल का उद्देश्य एग्रो टूरिज्म के माध्यम से देश के कृषि अनुसंधान, डेयरी फार्मिंग और संस्कृति की जानकारी लेना है।

दल ने विश्वविद्यालय के इस अनुसंधान की सराहना की। दल प्रभारी मार्गेट कैथरीन ने बताया कि स्विटजरलैंड में खजूर की खेती नहीं होती। यह जानकारी उनकी टीम के लिए बेहद ज्ञानवर्धक व प्रेरक रही है। इस दौरान क्षेत्रीय निदेशक अनुसंधान डॉ एच. एल. देशवाल भी उपस्थित थे। विदेशी प्रगतिशील किसानों ने खजूर की विभिन्न किस्मों को करीब से देखा तथा उनकी उत्पादन परिस्थितियों व सुरक्षा प्रबंधन से जुड़े प्रश्न किए जिनका विश्वविद्यालय के विषय विशेषज्ञों के द्वारा प्रत्युत्तर दिया गया।

न्यूरोलॉजी और गेस्ट्रोलॉजी के ओपीडी अब सातों दिन चलेंगे

बीकानेर, (कासं)। सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक में न्यूरोलॉजी और गेस्ट्रोलॉजी के आउटडोर अब सातों दिन चलेंगे। सीटी-एमआरआई भी सप्ताह में छह दिन 24 घंटे होगी। मरीजों को इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

कैबिनेट मंत्री सुमित गोदारा ने तीन जनवरी को एसएसबी की व्यवस्थाओं की समीक्षा के बाद सुधार के लिए कई निर्देश जारी किए थे। उन पर अमल शुरू हो गया है। न्यूरोलॉजी और गेस्ट्रोलॉजी के विशेषज्ञों के ओपीडी में नहीं बैठने की शिकायत सबसे ज्यादा होने के कारण दोनों ही विभागों का